भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1281**
उत्तर दिनांक 30/07/2026 को दिया गया

**परमाणु रिएक्टरों का संचालन**

1281. श्रीमती माया नारोलिया
श्री शिवेश कुमार
डा. कल्पना सैनी
डा. दिनेश शर्मा
श्री नवीन जैन
श्री नरेश बंसल
डा. संदीप कुमार पाठक
श्री सामिक भट्टाचार्य
श्री राजेश परमानंद शुक्ला
श्री सुभाष बराला
श्री बृज लाल

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में चल रही परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) स्वदेशी परमाणु रिएक्टरों के कमीशनिंग और संचालन में हालिया विकास का ब्यौरा क्या है, जिसमें प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) भी शामिल है;

(ग) पिछले वर्ष के दौरान न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) का परिचालन प्रदर्शन कैसा रहा; और

(घ) देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रमुख सहयोग और पहल का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में, बीस नाभिकीय विद्युत रिएक्टर (14600 मेगावाट) कार्यान्वयनाधीन हैं, जिनमें दस रिएक्टर (8000 मेगावाट) निर्माण/कमीशनन के अधीन हैं और दस रिएक्टर (6600 मेगावाट) पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन हैं।

(ख) 2100 मेगावाट की कुल क्षमता के तीन रिएक्टरों - केएपीपी-3 व 4 (2X700 मेगावाट) और आरएपीपी-7 (700 मेगावाट) ने हाल ही में वाणिज्यिक प्रचालन शुरू कर दिया है, जबकि आरएपीपी-8 (700 मेगावाट) कमीशनन के प्रगत चरण में है। 500 मेगावाट प्रोटोटाइप द्रुत प्रजनक रिएक्टर (पीएफबीआर) ने दिनांक 06.04.2026 को प्रथम क्रांतिकता प्राप्त कर ली है।

(ग) पिछले वर्ष (2025-26) के दौरान नाभिकीय विद्युत संयंत्रों का कुल वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन और संयंत्र भार गुणक (पीएलएफ) क्रमशः लगभग 55190 मिलियन यूनिट (एमयू) और 79% रहा।

(घ) देश में नाभिकीय विद्युत उत्पादन को सुदृढ़ करने के लिए, एनपीसीआईएल ने वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित संस्थाओं के साथ सहयोग स्थापित किया है:

- महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी (एमएएचएजीईएनसीओ)
- महाराष्ट्र इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (एमआईटीआरए) और
- एनएलसी इंडिया लिमिटेड (*पूर्व में नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड*)।

*****